>

Title: Need to make revenue stamps available in post offices in the country.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ) : हमारे देश में अपने लेन देन को वैधानिक क्षेत्र में लाने के लिए हमें एक "रेवेन्यू स्टाम्प" का प्रयोग करना पड़ता है जिसकी कीमत एक रूपये है। लगभग तीन वर्ष पूर्व एक रूपये का यह टिकट डाकघर द्वारा बेचा जाता था, परन्तु उस समय कुछ कमीशन नहीं बढ़ाने के कारण डाकघर ने इसे बेचना बंद कर दिया। आज ये टिकट कोर्ट–कचहरी में "स्टाम्प वेंडरों" द्वारा तीन रूपये में धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। कई बार तो केता को अपने स्थान से ऐसे स्टाम्प खरीदने के लिए पचास रूपये तक वाहन पर व्यय करने पड़ते हैं।

मेरा इस संबंध में वित्त मंत्री जी से निवेदन है कि इसकी कीमत बढ़ाकर चाहें तो दो रूपये कर दें तथा डाकघर का कमीशन भी बढ़ा दें। ऐसा करने से केता को लाभ होगा, आय के संकट से जूझ रहे डाकखानों को बिना अतिरिक्त व्यय किये कमीशन के रूप में धनराशि प्राप्त हो जायेगी तथा सरकार के राजस्व में भी वृद्धि होगी।